आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 01.05.2026

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अल्मोड़ा के डोल आश्रम में श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।
- पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा पर स्थित आदि कैलाश यात्रा आज से विधिवत रूप शुरू हो गई है।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धामों के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।
- प्रदेशभर में बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अल्मोड़ा जनपद के लमगड़ा क्षेत्र के डोल आश्रम में स्थित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम न्यास के श्री पीठम स्थापना महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1100 कन्याओं का पूजन कर माँ राज राजेश्वरी का अभिषेक एवं पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थापित श्रीयंत्र एवं यहां संचालित आध्यात्मिक गतिविधियों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि डोल आश्रम के संस्थापक बाबा कल्याणदास जी की साधना एवं तपस्या के कारण यह स्थान आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है और आध्यात्मिक चेतना के प्रसार का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

आदि कैलाश यात्रा

पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा पर स्थित आदि कैलाश यात्रा आज से विधिवत रूप शुरू हो गई है। धारचूला से उपजिलाधिकारी ने पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं ज्योलिंगकांग स्थित भगवान शिव पार्वती मंदिर के कपाट भी आज पूरे विधि–विधान और मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले जत्थे में करीब 200 श्रद्धालु आदि कैलाश के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इनर लाइन परमिट के लिए आवेदन कर रहे हैं। अब तक 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

बता दे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2023 में आदि कैलाश दौरे के बाद देश भर में इस यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ी है, जिससे हर वर्ष यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है।

## लाटू देवता मंदिर

चमोली जिले के वाण गांव में स्थित लाटू देवता मंदिर के कपाट आगामी 6 महीने के लिए भक्तों के दर्शनार्थ खोले दिये गये हैं। आज बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सैकड़ो भक्तो की उपस्थिति में विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लाटू मंदिर खोला गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं नें स्थानीय ग्रामीणों के साथ पारम्परिक झोडा, झुमेला लोकनृत्य किया। स्थानीय ग्रामीणों नें मां नंदा और लाटू देवता के लोकगीत और जागर भी लगाये। मां नन्दा देवी के धर्म भाई माने जाने वाले भगवान लाटू देवता, नन्दा राजजात यात्रा में वाण से अगुवाई करते हैं।

## एलपीजी

एलपीजी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा है कि पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कंपनी ने कहा  कि 33 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए 14 किलोग्राम से अधिक के घरेलू एलपीजी सिलेंडर के कीमत में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। कंपनी ने बताया कि निर्धारित उड़ानों में लगी घरेलू एयरलाइनों के लिए विमानन टर्बाइन ईंधन और केरोसिन की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। कंपनी के अनुसार 80 प्रतिशत उत्पादों की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ा है।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश में इन दिनों चारधाम यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धामों के दर्शन के लिए यह पहुंच रहे हैं। अकेले बद्रीनाथ धाम में 8 दिनों में 1 लाख 10 हजार से अधिक तीर्थ यात्री बद्री विशाल के दर्शन कर चुके हैं। बता दें कि 19 अप्रैल से चार धाम यात्रा शुरू हुई, अब यात्रा की बढ़ती रफ्तार से व्यवसायियों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है। चमोली पुलिस– प्रशासन व बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति द्वारा यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बद्रीनाथ – केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने बताया कि आने वाले दिनों में यात्रा और अधिक चरम पर होगी।  विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालुओं ने कहा कि वे यहां कि व्यवस्थाओं से संतुष्ट है।

## बुद्ध पूर्णिमा

हरिद्वार और बागेश्वर जिले में बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हर की पौड़ी सहित विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान किया। तड़के सुबह से ही श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ–साथ दान–पुण्य भी किया। उधर बागेश्वर स्थित बागनाथ मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने सरयू संगम में स्नान कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख–शांति की कामना की। पंडित कैलाश चंद्र उपाध्याय के अनुसार इस दिन स्नान, पूजा और दान का विशेष महत्व है। गरुड़, दुग नाकुरी, कांडा और काफलीगैर क्षेत्रों के मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की।

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पिथौरागढ़ द्वारा आज बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जस्टिस मनोज कुमार तिवारी ने शिरकत की। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने स्कूली बच्चों के साथ ही आमजन को उनके अधिकारों, विधिक प्रक्रियाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।